# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 30 मई, 2020


- ऑपरेशन वॉर्प स्पीड
- मोंटेनेग्रो
- स्पेस एक्स का स्टारशिप एसएन4 प्रोटोटाइप
- इंटरहैमवे मिलिशिया
- मरीन स्टीवार्डशिप काउंसिल


## ऑपरेशन वॉर्प स्पीड

## Operation Warp Speed

'ऑपरेशन वॉर्प स्पीड' (Operation Warp Speed) संयुक्त राज्य अमेरिका की संघीय सरकार द्वारा COVID-19 से निपटने के लिये शुरू की गई एक सार्वजनिक-निजी साझेदारी पहल है।

### उद्देश्य:

- इसका उद्देश्य COVID-19 के टीके, चिकित्साविधान/चिकित्साशास्त्र और नैदानिकी के विकास को सुविधाजनक बनाना एवं उसमें तेज़ी लाना है।

### प्रमुख बिंदु:

- यह एक प्रकार का अंतर-संस्था कार्यक्रम है जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका के स्वास्थ्य विभाग के निम्नलिखित घटक शामिल हैं:
  - रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (Centers for Disease Control and Prevention- CDC)
  - खाद्य एवं औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration- FDA)
  - राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (National Institutes of Health) और निजी फर्म।

---

## मोंटेनेग्रो

## MONTENEGRO

मोंटेनेग्रो/मोंटीनेग्रो (MONTENEGRO) यूरोपीय महाद्वीप का पहला ऐसा देश है जिसने स्वयं को कोरोनावायरस मुक्त घोषित किया है।

// 


## प्रमुख बिंदु:

- मोंटेनेग्रो बाल्कन प्रायद्वीप के तट पर स्थित दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्वी यूरोप का एक देश है।
- इसका सीमा विस्तार उत्तर-पश्चिम में बोस्निया-हर्ज़ेगोविना, उत्तर-पूर्व में सर्बिया, पूर्व में कोसोवो, दक्षिण-पूर्व में अल्बानिया, दक्षिण-पश्चिम में एड्रियाटिक सागर और पश्चिम में क्रोएशिया तक है।
- मोंटेनेग्रो अपने आच्छादित पर्वतों, हिमनद झीलों और चहल-पहल वाले समुद्री तटों के लिये जाना जाता है।
- इसकी प्रशासनिक राजधानी पॉडगोरिका (Podgorica) है। सेटिंजे (Cetinje) को पुरानी शाही राजधानी के रूप में नामित किया गया है।
- मोंटेनेग्रो 'डेन्यूब नदी के संरक्षण के लिये अंतर्राष्ट्रीय आयोग' (International Commission for the Protection of the Danube River) का एक सदस्य देश है।
    - गौरतलब है कि इस देश का 2,000 वर्ग किमी. से अधिक क्षेत्र 'डेन्यूब जलग्रहण क्षेत्र' (Danube Catchment Area) के अंतर्गत आता है।

## डेन्यूब नदी के संरक्षण के लिये अंतर्राष्ट्रीय आयोग'

## (International Commission for the Protection of the Danube River- ICPDR):

- यह एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है।
- इसकी स्थापना 'डेन्यूब रिवर प्रोटेक्शन कन्वेंशन' द्वारा की गई थी जिस पर वर्ष 1994 में बुल्गारिया में डेन्यूब नदी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले देशों ने हस्ताक्षर किये थे।
- इसका सचिवालय वियना में है।

---

# स्पेस एक्स का स्टारशिप एसएन4 प्रोटोटाइप

# SpaceX's Starship SN4 Prototype

स्पेस एक्स कंपनी का चौथा स्टारशिप प्रोटोटाइप एसएन4 (SN4) टेक्सास के 'बोका चिका' में 29 मई, 2020 को एक परीक्षण-फायरिंग ऑपरेशन के दौरान फट गया।

## प्रमुख बिंदु:

- स्पेस एक्स कंपनी के पिछले तीन स्टारशिप प्रोटोटाइप भी विफल हो गए थे और परीक्षण स्थलों पर परीक्षणों के दौरान नष्ट हो गए थे।
- एक निजी रॉकेट कंपनी के संस्थापक एलन मस्क वर्ष 2024 के आस-पास चंद्रमा की सतह पर नासा (NASA) के अंतरिक्ष यात्री को ले जाने और अंतिम लक्ष्य के रूप में वर्ष 2030 के बाद मंगल ग्रह पर शहरों की स्थापना के लिये ज़ोर देने वाली प्रणाली को तेज़ी से विकसित करने पर ज़ोर दे रहे हैं।
- पहले प्रयास में विफल होने के बाद SpaceX कंपनी एक ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन (डेमो-2 मिशन) शुरू करने के लिये अपना दूसरा प्रयास शुरू करेगी।

- इस मिशन में फाल्कन-9 (Falcon-9) रॉकेट का उपयोग किया जायेगा। इसके माध्यम से अंतरिक्ष यात्रियों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर विस्तारित प्रवास के लिये भेजा जाएगा।

---

# इंटरहैमवे मिलिशिया

# Interahamwe Militia

'इंटरहैमवे मिलिशिया' (Interahamwe Militia), 'डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो' और युगांडा में सक्रिय एक 'हूतू अर्द्धसैनिक संगठन' (Hutu Paramilitary Organization) है।

## प्रमुख बिंदु:

- इसका गठन वर्ष 1990 के आस-पास रवांडा की तत्कालीन सत्ताधारी पार्टी द्वारा 'नेशनल रिपब्लिकन मूवमेंट फॉर डेमोक्रेसी एंड डवलपमेंट' के एक युवा विंग के रूप में किया गया था।
- 'इंटरहैमवे मिलिशिया' रवांडा नरसंहार के मुख्य अपराधी थे जिन्होंने अप्रैल 1994 से जुलाई 1994 दौरान लगभग 500,000 से 1,000,000 तुत्सी (Tutsi), त्वा (Twa) और उदारवादी हूतू लोगों की हत्या की थी।
    - रवांडा नरसंहार में हूतू जनजाति से जुड़े चरमपंथियों ने अल्पसंख्यक तुत्सी समुदाय के लोगों और अपने राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाया था।
    - उल्लेखनीय है कि रवांडा की कुल आबादी में हूतू समुदाय की हिस्सेदारी 85% है किंतु लंबे समय से तुत्सी अल्पसंख्यकों का देश पर दबदबा रहा था।

---

# मरीन स्टीवार्डशिप काउंसिल

# Marine Stewardship council

हाल ही में 'मरीन स्टीवार्डशिप काउंसिल' (Marine Stewardship council- MSC) द्वारा 'सस्टेनेबल टूना हैंडबुक' (Sustainable Tuna Handbook) प्रकाशित की गई।

## प्रमुख बिंदु:

- इस रिपोर्ट के अनुसार, 2018-19 में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त 'ब्लू MSC लेबल' के साथ 54,000 टन से अधिक टूना मछली की बिक्री की गई जबकि वर्ष 2015-16 में यह मात्रा 21,500 टन थी।
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा टूना के पारिस्थितिक और आर्थिक महत्त्व को मान्यता के लिये प्रत्येक वर्ष 2 मई को विश्व टूना दिवस (World Tuna Day) मनाया जाता है।

## मरीन स्टीवार्डशिप काउंसिल

## (Marine Stewardship council- MSC):

- 'मरीन स्टीवार्डशिप काउंसिल' (MSC) एक स्वतंत्र **गैर-लाभकारी संगठन** है जो स्थायी रूप से मछली पकड़ने हेतु मानक निर्धारित करता है।
- MSC की स्थापना वर्ष 1996 में की गई थी। वर्ष 1999 में इसे संस्थापक सहयोगियों [वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (WWF) और यूनिलीवर] से अलग करके एक स्वतंत्र निकाय बना दिया गया।
- इसका मुख्यालय लंदन में है।

## विज़न:

- MSC का विज़न विश्व के महासागरों की सुरक्षा करना है जो वर्तमान एवं भविष्य की पीढ़ियों के लिये सुरक्षित समुद्री भोजन की आपूर्ति करते हैं।

## मिशन:

- इसका मिशन स्थायी रूप से मछली पकड़ने की प्रथाओं की पहचान करने एवं उन्हें पुरस्कृत कर विश्व के महासागरों के स्वास्थ्य में योगदान के लिये 'पारिस्थितिकी एवं मत्स्य प्रमाणन कार्यक्रम' का उपयोग करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-30-may-2020